भारत सरकार
शिक्षा मंत्रालय
स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग
लोक सभा
**अतारांकित प्रश्न संख्या:** 760
**उत्तर देने की तारीख**: 12/12/2022

**ओडिशा में केंद्रीय विद्यालय**

**†760. श्री चंद्र शेखर साहू:**

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या ओडिशा के दिगापहांडी में केंद्रीय विद्यालय (केवी) हेतु भूमि केंद्रीय विद्यालय संगठन (केवी) को हस्तांतरित कर दी गई है;
(ख) यदि हां, तो इस संबंधी में ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या दिगापहांडी में केंद्रीय विद्यालय (केवी) हेतु स्थल विशिष्ट विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) को अब तक अंतिम रूप दिया जा चुका है;
(घ) यदि हां, तो डीपीआर का ब्यौरा और स्थिति क्या है;
(ङ) क्या केवी ने दिगापहांडी में केवी के भवन के निर्माण हेतु कोई समय सारणी बनाई है; और
(च) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और सरकार द्वारा कार्य निर्धारित समय में पूरा होना सुनिश्चित करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं?

**उत्तर**

शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्रीमती अन्नपूर्णा देवी)

(क) और (ख): केन्द्रीय विद्यालय संगठन (केविसं) ने सूचित किया है कि प्रायोजक प्राधिकरण ने पट्टे के आधार पर 9.178 एकड़ भूमि केविसं के पक्ष में हस्तांतरित की है।

(ग) और (घ): केंद्रीय विद्यालय (केवि), दिगापहांडी के लिए स्थल विशिष्ट विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) केविसं में प्राप्त हो गई है। संबंधित निर्माण एजेंसी द्वारा निर्माण पूर्व औपचारिकताएं पूरी कर ली गई हैं।

(ड़) और (च): केंद्रीय विद्यालयों के लिए स्थायी भवनों का निर्माण एक सतत प्रक्रिया है, जो उपयुक्त भूमि की पहचान, प्रायोजक प्राधिकारियों द्वारा केन्द्रीय विद्यालय संगठन (केविसं) के

पक्ष में पट्टे की औपचारिकताओं को पूरा करने, निर्माण एजेंसी द्वारा नक्शा/अनुमान प्रस्तुत करने, धन की उपलब्धता और अपेक्षित अनुमोदन आदि पर निर्भर करती है। केवि भवन को पूरा करने की समय सीमा काम शुरू होने की तारीख से लगभग 18 महीने तक है। समय सीमा के भीतर सफल समापन के लिए स्कूल, क्षेत्रीय कार्यालय और केविसं मुख्यालय स्तर पर स्कूल भवन के निर्माण की नियमित निगरानी की जाती है।

*****